महर्षि सान्दीपनि

राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान

Maharshi Sandipani

Rashtriya Veda Vidya Pratishthan

वार्षिक प्रतिवेदन 2010-11

Annual Report 2010-11

प्राधिकरण भवन, भरतपुरी, उज्जैन 456 010
Pradhikaran Bhawan, Bhartpuri, Ujjain 456 010

महर्षि सान्दीपनि
राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन (म.प्र.)

वार्षिक प्रतिवेदन
2010 - 11

1. भूमिका

1.1 राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान की स्थापना मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग, भारत सरकार द्वारा जनवरी, 1987 में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अन्तर्गत एक स्वायत्त संगठन के रूप में की गई थी। इसके उद्देश्य निम्नवत् हैं :

(क) वैदिक अध्ययन की मौखिक परम्परा का संरक्षण, संवर्धन तथा विकास।

(ख) पाठशालाओं के साथ अन्य साधनों तथा संस्थाओं के माध्यम से वेदों का अध्ययन।

(ग) अनुसन्धान-सुविधाओं की सर्जना करना तथा प्रोत्साहन देना, जिससे वेदों में निहित ज्ञान के विपुल भण्डार को सम्मुख लाया जा सके और इसका तादात्म्य समसामयिक आवश्यकताओं के साथ स्थापित किया जा सके।

(घ) सूचना संकलित करने तथा सम्बन्धित सामग्री को समेकित करने के लिए मूलभूत सुविधाओं तथा अनुकूल परिस्थितियों का सृजन करना तथा विभिन्न साधनों के माध्यम से इनका प्रकाशन तथा प्रचार-प्रसार करना।

1.2 संस्थापना नियमावली में दिये गए उद्देश्यों का विवरण अनुबंध-1 में संलग्न है।

1.3 मई, 1993 में उज्जैन स्थानान्तरित होने के अनन्तर प्रतिष्ठान का नाम "**महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान**" के रूप में परिवर्तित हो गया।

2. प्रतिष्ठान के प्राधिकरण

2.1 इसकी संस्थापना-नियमावली तथा नियमों और विनियमों के अनुसार प्रतिष्ठान के कार्यकलापों के संचालन के लिये, विभिन्न शक्तियाँ और कृत्य इसकी महासभा तथा शासीपरिषद् में निहित हैं जो प्रतिष्ठान के प्राधिकरण हैं और जिनके अध्यक्ष भारत शासन के केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मन्त्री हैं। समय-समय पर प्रतिष्ठान की विस्तृत नीतियों और कार्यक्रमों की समीक्षा करने और इसमें संशोधन और विकास के लिये उपाय प्रस्तावित करने की सामान्य शक्ति इसकी महासभा में निहित है। शासीपरिषद् प्रतिष्ठान का मुख्य कार्यकारी निकाय है। यह इसके कार्यकलापों के सामान्य अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण के लिए उत्तरदायी है।

2.2 प्रतिष्ठान के नियमों में संपत्ति के प्रबन्ध तथा निवेश, वार्षिक बजट प्राक्कलनों तथा लेखों एवं व्यय के विवरण तैयार करने जैसे विषयों में परामर्श देने के लिए वित्त समिति का प्रावधान है, जिसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष करते हैं।

2.3 अपनी साधारण शक्तियों के अन्तर्गत, प्रतिष्ठान शैक्षिक परियोजनाओं और कार्यक्रमों पर विचार करने के लिए एक परियोजना-समिति गठित करता है, जिसके सदस्य वेद तथा सम्बन्धित विषयों के प्रख्यात विद्वद्गण होते हैं। परियोजना-समिति का वर्तमान संघटन अनुबन्ध-2 में दिया गया है।

2.4 दिनांक 5-10-2004 को भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठान की महासभा, शासी परिषद् और वित्तसमिति का अगले पाँच वर्षों की अवधि के लिये पुनर्गठन किया गया था। इन निकायों का सरकार द्वारा दिनांक 5-10-2004 को यथाधिसूचित संघटन अनुबन्ध-3 में दिया गया है। ये निकाय प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान कार्यरत रहे।

3. प्रतिष्ठान के अधिकारी

3.1 प्रतिष्ठान के नियमों में इसके प्रधान के रूप में एक अध्यक्ष का प्रावधान है जिसे पाँच वर्षों की अवधि के लिये भारत सरकार द्वारा नामित किया जाता है। वह महासभा तथा शासीपरिषद् की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं। सम्प्रति माननीय मन्त्री, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार प्रतिष्ठान के अध्यक्ष हैं।

3.2 नियमों में एक उपाध्यक्ष का भी प्रावधान है, जिन्हें अध्यक्ष महोदय द्वारा नामित किया जाता है। उपाध्यक्ष को ऐसे कर्त्तव्यों का पालन करना तथा ऐसे कृत्यों को करने में अपनी शक्तियों का प्रयोग करना होता है, जैसा कि अध्यक्ष द्वारा साधारणतः या किसी व्यक्तिविशेष के मामले में उल्लेख किया जाए। प्रो. एस. सुदर्शन शर्मा (कुलपति, श्री वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय, तिरुपति) दिनांक 24.5.2010 से उपाध्यक्ष पद पर हैं।

3.3 प्रतिष्ठान के नियमों में इसके मुख्य शैक्षिक और कार्यकारी अधिकारी के रूप में एक पूर्णकालिक और वैतनिक सचिव का प्रावधान है। सचिव, प्रतिष्ठान के कार्यों की सामान्यतः देख-रेख करते हैं और उन पर नियन्त्रण रखते हैं तथा प्रतिष्ठान के सभी प्राधिकरणों के निर्णयों को लागू करते हैं।

3.4 भारत सरकार के आदेश क्रमांक 6-16/2010-SKTII दिनांक 6.12.2010 द्वारा प्रो. रूप किशोर शास्त्री (वेद विभागाध्यक्ष, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार) को महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान के पूर्णकालिक सचिव पद पर नियुक्त किया गया। प्रो. शास्त्री ने दिनांक 5.1.2011 को कार्यभार ग्रहण किया।

4. अन्य अधिकारी और कर्मचारी

4.1 अपनी आन्तरिक कार्याध्ययन इकाई की संस्तुतियों के अनुसरण में शिक्षा विभाग ने अपने दिनांक 14.8.98 के पत्र द्वारा प्रतिष्ठान के अन्तरिम संगठनात्मक ढाँचे के अंश के रूप में निदेशक, कार्यक्रम अधिकारी, अनुभाग अधिकारी और लेखाकार का एक-एक पद तथा सहायक और चपरासी के दो-दो पद सृजन करने की स्वीकृति प्रदान की थी। सभी संस्वीकृत पदों की भर्ती उपविधि को प्रतिष्ठान की शासी परिषद् द्वारा दिनांक 21.2.2000 को हुई बैठक में अनुमोदित किया गया। मंत्रालय ने इन पदों की नियुक्ति के सन्दर्भ में 6-10/2010-SKTII दिनांक 13.1.2011 को अनुमति प्रदान की, जिस पर कार्यवाही चल रही है।

4.2 प्रतिष्ठान के नये दीर्घकालीन संगठनात्मक ढाँचे के पहले चरण में प्रवर्तन के लिये प्रतिष्ठान की शासी परिषद् तथा भारत सरकार की स्थायी वित्त समिति जो 24.11.98 को हुई, द्वारा उपजे कार्य एवं

गतिविधियों की प्रमात्रा पर आश्रित निम्नलिखित पद स्वीकृत किये गये थे। इन पदों में पूर्व में भरे हुए तथा प्रवर्तित पद भी सम्मिलित हैं -

1. सचिव
2. निदेशक
3. उपनिदेशक (प्रशासन एवं वित्त)
4. कार्यक्रम अधिकारी
5. अनुभाग अधिकारी
6. निजी सहायक
7. लेखाकार
8. सहायक (2)
9. वरिष्ठ आशुलिपिक
10. कनिष्ठ आशुलिपिक (1)
11. सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष
12. उच्च श्रेणी लिपिक (2)
13. स्टाफ कार ड्राइवर
14. अवर श्रेणी लिपिक/टंकक (2)
15. पुस्तकालय परिचर
16. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी/चपरासी (5)
17. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी-सफाई कर्मचारी

4.3 आलोच्य वर्ष में प्रतिष्ठान के शैक्षिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य, सदस्य-सचिव के अधीन किया जाता है। एक विशेष कार्य अधिकारी (वित्त), एक आन्तरिक अंकेक्षण अधिकारी, तीन सी ग्रुप कर्मचारी आकस्मिक व्यय पर तदर्थ रूप से नियुक्त किये गये हैं।

5. मुख्यालय

5.1 प्रतिष्ठान का मुख्यालय प्राधिकरण-भवन, "ख" खण्ड, द्वितीय तल, उज्जैन के अपने कार्यालय-भवन में स्थित है। यह स्थान प्रतिष्ठान द्वारा फरवरी, 1993 में उज्जैन विकास प्राधिकरण से खरीदा गया था। दीर्घकालीन उपाय के रूप में मध्यप्रदेश राज्य सरकार ने प्रतिष्ठान को 9.553 हेक्टेयर (23.6 एकड़) भूमि आवंटित की थी। प्रतिष्ठान को अप्रैल 1994 में राज्य सरकार द्वारा इस भूमि का कब्जा दे दिया गया था।

5.2 प्रतिष्ठान की शासी परिषद् के निर्णय के अनुसार प्रतिष्ठान के परिसर में भवनों का वास्तुशिल्प (डिजाइन) तैयार करने का कार्य केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के मुख्य वास्तुविद् को सौंपा गया। केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किये गये उज्जैन में भूमि विकास तथा भवनों के निर्माण के नक्शे और प्राक्कलन प्रतिष्ठान को नवम्बर और दिसम्बर 1999 में दो भाग में प्राप्त हुये। इस प्रयोजन के लिये आवश्यक निधि का प्रावधान करने के लिये सरकार की स्वीकृति लेने हेतु कार्रवाई की गई तथा इस विषय पर एक ज्ञापन सरकार की स्थायी वित्त समिति (एस.एफ.सी.) की इस सम्बन्ध में स्वीकृति के लिये मानव संसाधन विकास मंत्रालय को भेजा गया। ज्ञापन पर एस.एफ.सी. की दिनांक 4.8.2000 को हुई बैठक में निर्णय किया गया कि प्रस्तावों को बैठक में हुई चर्चानुसार पुनः सुधारा जाये और शीघ्र ही समिति के समक्ष पुनः रखा जाय। इस दौरान समिति ने परिसर दीवार एवं प्रवेश द्वार के निर्माण के लिए अनुमानित 62.58 लाख की लागत के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी थी। मंत्रालय द्वारा इस प्रयोजन-हेतु 62.58 लाख रु. के अनुदान की स्वीकृति भी प्रतिष्ठान को दे दी गयी थी। परिसर की दीवार का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

5.3 भवनों के निर्माण तथा परिसर के विकास हेतु स्थायी वित्त समिति (एस.एफ.सी.) दिनांक 18.12.2007 को हुई बैठक में विचार किया गया एवं 25.02 करोड़ रुपये के प्राक्कलन की स्वीकृति प्रदान की गई। इस आधार पर केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न भवन निर्माण के नक्शे प्रतिष्ठान को प्रस्तुत किये, जिसकी स्वीकृति प्रतिष्ठान द्वारा मार्च 2008 में प्रदान की गयी। मंत्रालय से वर्ष 2010-11 में प्राप्त 2 करोड़ 80 लाख रुपये अनुदान की राशि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, इन्दौर को एतदर्थ दी गयी। प्रशासनिक भवन की निविदा स्वीकृत कर कार्यादेश दिया गया है तथा कार्य चल रहा है। अन्य भवनों की निविदा में लोक निर्माण विभाग (सी.पी.डब्ल्यू.डी.) द्वारा की गई अड़चनों एवं किये जाने वाले कार्यों में अकर्मण्यता एवं अरुचि के कारण निर्माण स्थल का कार्य बन्द पड़ा है।

6. प्रतिष्ठान की संग्रह-निधि

6.1 प्रतिष्ठान की स्थापना के समय सरकार ने परिकल्पना की थी कि 10 करोड़ रुपये की संग्रह निधि इसके अधिकार में रखी जायेगी, ताकि इसके निवेश से प्राप्त आवर्ती आय को प्रतिष्ठान के विभिन्न कार्यकलापों और कार्यक्रमों के वित्त पोषण के लिए प्रयोग किया जा सके। इस प्रयोजन के लिये 1996-97 के अन्त तक सरकार द्वारा किश्तों में 10 करोड़ रुपये की कुल राशि प्रदान की गई।

6.2 वित्त-समिति की दिनांक 18.10.2001 को हुई बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार सामान्य निधि में संगृहीत धनराशि रु० 10,51,44,931.74 को संग्रह निधि में सम्मिलित किया गया। इस प्रकार यह निधि कुल रु. 20,51,44,931.74 हो गई।

7. नये कार्यक्रमों की स्वीकृति

7.1 दिनांक 24.11.1998 को हुई बैठक में भारत सरकार की स्थायी वित्त समिति ने प्रतिष्ठान की संग्रह-निधि को बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार किया था। विस्तृत चर्चा के पश्चात् समिति प्रतिष्ठान के लिये अधिक धनराशि की आवश्यकता के औचित्य से सन्तुष्ट हुई। यह भी अनुभव किया गया कि प्रतिष्ठान की संग्रह निधि में वृद्धि पूर्वतः संचालित कार्यक्रमों को जारी रखने के लिये, नये शैक्षणिक कार्यक्रमों को समाविष्ट करने के लिए तथा प्रतिष्ठान के उद्देश्यों के निष्पादन के लिये आवश्यक है।

7.2 स्थायी वित्त समिति ने निर्णय लिया कि प्रतिष्ठान की अतिरिक्त निधि की आवश्यकता को संग्रह निधि की वृद्धि के माध्यम के बजाए सरकार से वार्षिक बजट सम्बन्धी सहायता द्वारा प्रदान किया जाए। स्थायी वित्त समिति ने दृढ़तापूर्वक यह भी कहा कि निधि के अभाव में प्रतिष्ठान के कार्यकलापों एवं कार्यक्रमों को किसी प्रकार की क्षति नहीं होने दी जाएगी तथा बजट सम्बन्धी आवंटन का संरक्षण किया जायेगा। स्थायी वित्त समिति के निर्णयानुसार मंत्रालय ने प्रतिष्ठान को वर्ष 2010-11 के लिए 12 करोड़ रुपये की अनुदान राशि चालू कार्यक्रमों पर व्यय के लिये दी।

7.3 स्थायी वित्त समिति द्वारा नये शैक्षिक कार्यक्रमों को स्वीकार किया गया था उन्हें निम्नानुसार दिया गया है। प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान उनके कार्यान्वयन की स्थिति, जहाँ लागू होती है, प्रत्येक कार्यक्रम के नीचे कोष्ठक में दर्शायी गयी है :-

(1) वेदों की लुप्त होने वाली शाखाओं को बचाने के लिये विशेष गुरुकुलों को वित्तीय सहायता।
((अ) त्रिशूर (केरल में सामवेद, जैमिनीय शाखा), (ब) बारिपदा, मयूरभंज (उड़ीसा) में अथर्ववेद (पैप्पलाद शाखा) एवं (स) गुरुयापाल, सिंहभूमि (झारखण्ड) में अथर्ववेद (पैप्पलाद शाखा) में वित्तीय सहायता के लिये गुरुकुलों की पहचान की जा चुकी है। वर्तमान में इनको 'वैदिक सस्वर उच्चारण की मौखिक परम्परा को अक्षुण्ण बनाए रखने की योजना' के अन्तर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। अधिक विशेष गुरुकुलों की पहचान करने के लिये कार्यवाही जारी है। चित्रकूट (मध्यप्रदेश) तथा झारखंड, उड़ीसा में पैप्पलाद शाखा का अध्यापन कार्य प्रारम्भ हो चुका है।)

(2) श्रौतकर्म परम्परा का संरक्षण और इसका प्रलेखन।
(वर्तमान में सोमयज्ञों के वीडियो/ऑडियो कैसेटों का संग्रहण करना एवं अन्य यज्ञों/इष्टियों का निष्पादन/अन्य स्थानों पर गैर सरकारी संस्थाओं, आदि द्वारा निष्पादित करने की कार्रवाई जारी है। प्रतिष्ठान द्वारा वांछित अधिकारियों एवं स्टॉफ की स्थिति के पश्चात् यज्ञों का निष्पादन एवं उनका प्रलेखन किया जायेगा।)

(3) दुर्लभ एवं अप्राप्त वेद संहिताओं, ब्राह्मणग्रन्थों तथा अन्य वैदिक साहित्य के संस्करण प्रकाशित करने के कार्यक्रम को कार्यान्वित करना।
('वेदविद्या' नामक षाण्मासिक शोध-पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ है। आलोच्य वर्ष में कात्यायन मूल्याध्याय परिशिष्ट एवं ऋग्वेदीय शाङ्खायनशाखीयो रुद्रपाठ संग्रह का प्रकाशन किया गया है।)

(4) 'घर बैठे वेदों की शिक्षा' पत्राचार पाठ्यक्रम का कार्यक्रम प्रवर्तित है। इस योजना के अन्तर्गत जन-जन तक चारों वेद, वेदाङ्ग, ब्राह्मणग्रन्थ, आरण्यकग्रन्थ, उपनिषद्, भारतीय संस्कृति का स्वरूप एवं महत्त्व, भारतीय दर्शन शास्त्र आदि की जानकारी पहुँचाने के उद्देश्य से पाठ्यक्रम को चलाया जा रहा है।

7.4 प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान नये कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिये परियोजना और/अथवा कार्यवाही हेतु योजना तैयार करना जारी रहा।

8. प्रतिष्ठान के प्राधिकरणों की बैठकें तथा महत्त्वपूर्ण निर्णय

8.1 प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान विभिन्न प्राधिकरणों और निकायों की नीचे दिये गये विवरणानुसार बैठकें सम्पन्न हुईं :

परियोजना-समिति	:	एक बैठक, 15 जून 2010
वित्त-समिति	:	दो बैठकें, 8 जुलाई 2010 एवं 14 फरवरी 2011
शासी-परिषद्	:	दो बैठकें, 8 जुलाई 2010 एवं 14 फरवरी 2011
अनुदान समिति	:	दो बैठकें, 14 दिसम्बर 2010 एवं 22 मार्च 2011
महासभा	:	एक बैठक, 15 फरवरी 2011

8.2 उपर्युक्त प्राधिकरणों/निकायों द्वारा लिये गये महत्त्वपूर्ण निर्णय निम्नवत् हैं :

परियोजना समिति :

(1) परियोजना समिति द्वारा वर्ष 2010-11 में होने वाले अखिल भारतीय एवं क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलनों की स्वीकृति प्रदान की गई।

(2) परियोजना समिति ने वर्ष 2010-11 में होने वाली वैदिक संगोष्ठियों एवं कार्यशालाओं की स्वीकृति प्रदान की गई।

(3) परियोजना समिति ने कतिपय दुर्लभ वेदशाखाओं के कार्य हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

वित्त समिति :

(1) वर्ष 2010-11 के बजट को अनुमोदित किया गया।

(2) प्रतिष्ठान के वर्ष 2009-10 के लेखों पर महालेखाकार द्वारा जारी प्रमाण-पत्र की स्वीकृति प्रदान की गई।

शासी परिषद् :

(1) प्रतिष्ठान के वर्ष 2009-10 के लेखों पर महालेखाकार द्वारा जारी प्रमाण-पत्र की स्वीकृति प्रदान की गई।

अनुदान समिति :

(1) प्रतिष्ठान द्वारा संचालित विभिन्न वेद पाठशालाओं एवं गुरु-शिष्य परम्परा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2010-11 के लिए वित्तीय सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की गई।

महासभा :

(1) प्रतिष्ठान द्वारा वर्ष 2012 में रजत जयन्ती के दौरान द्वितीय विश्व वेद सम्मेलन की स्वीकृति प्रदान की गयी।

(2) वर्ष 2012 में एक अन्तर्राष्ट्रीय वैदिक सम्मेलन की स्वीकृति प्रदान की गयी।

(3) प्रतिष्ठान द्वारा संचालित विद्यालयों की परीक्षाओं हेतु वरिष्ठ वैदिक विद्वानों की सूची बनाने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

9. प्रवर्तमान कार्यक्रम और कार्यकलाप

9.0 प्रारम्भ से प्रतिष्ठान अपनी संस्थापना-नियमावली में प्रतिष्ठापित उद्देश्यों की उपलब्धि के लिये विभिन्न कार्यक्रमों और कार्यकलापों का सम्पादन करता रहा है। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में प्रतिष्ठान द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम और कार्यकलाप अनुष्ठित किये गये :-

9.1 वैदिक संस्थाओं को वित्तीय सहायता

9.1.1 प्रतिष्ठान के उद्देश्यों में सारे देश में वैदिक पाठशालाओं, अनुसंधान केन्द्रों की स्थापना करना, उनका अधिग्रहण करना, उनका प्रबंध अथवा पर्यवेक्षण करना तथा प्रतिष्ठान के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए

उनका सम्पोषण करना तथा उन्हें संचालित करना है। इस प्रावधान के अन्तर्गत देश के विभिन्न वेद पाठशालाओं/विद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

9.1.2 मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वैदिक शिक्षा की प्रोन्नति के लिये स्वैच्छिक संगठनों (वेद पाठशालाओं) को वित्तीय सहायता योजना को बजट आवण्टन के साथ प्रतिष्ठान को दिनांक 01.04.1994 से स्थानान्तरित किया गया। इस योजना के अन्तर्गत संगठनों/संस्थाओं/पाठशालाओं के अध्यापकों के मानदेय तथा छात्रों की छात्रवृत्ति के लिये सहायता-अनुदान दिया जाता है। संशोधित दरों के अनुसार एक नवीन वेद अध्यापक को 5500/- रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है। 7500/- रुपये प्रतिमाह की दर से 5 वर्ष से अधिक अध्यापन अनुभव प्राप्त और 8500/- रुपये प्रतिमाह की दर से 10 वर्ष से अधिक अध्यापन अनुभव प्राप्त वेदाध्यापकों को मानदेय प्रदान किया जाता है।

9.1.3 एक छात्र के लिए 1000/- रुपये प्रतिमाह की दर से राशि दी जाती है, जिसमें से 500/- रुपये प्रतिमाह पाठशाला द्वारा छात्र के लिये एक राष्ट्रीयकृत बैंक में नियत/आवर्ती जमा खाते में आस्थगितवृत्ति राशि के रूप में इस प्रयोजन के लिये प्रतिष्ठान द्वारा निर्धारित-अनुदेशों के अनुसार जमा किया जाता है। बैंक में संचित राशि ब्याज सहित सम्बन्धित छात्र को सफलतापूर्वक अध्ययन पूर्ण करने पर एक मुश्त प्रदान की जाती है। रुपये 500/- की शेष राशि पाठशालाओं द्वारा छात्र के रख-रखाव के लिये उपयोग में लाई जाती है। पाठशाला के प्रबन्धन से अपेक्षा की जाती है कि वह छात्रों को उनके लिये निर्धारित पोषणमानक तक उचित भोजन आदि की व्यवस्था करें और इस प्रयोजन के लिये अपने संसाधनों से भी आवश्यक निधि प्रदत्त करे। पाठशाला के प्रबन्धन से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह छात्रों के रख-रखाव उपशीर्ष में छात्रों पर किये गये वास्तविक व्यय का प्रतिष्ठान द्वारा प्रदत्त सहायता-अनुदान के लिये उचित लेखे रखे तथा उसकी उपयोगिता सम्परीक्षक के प्रमाण-पत्र द्वारा प्रमाणित करें।

9.1.4 प्रतिवेदनाधीन वर्ष 2010-11, वेद पाठशालाओं के वेद अध्यापकों के मानदेय में और छात्रों की छात्रवृत्ति में और 'वैदिक सस्वर उच्चारण की मौखिक परम्परा को अक्षुण्ण बनाये रखने की योजना' में भाग लेने वाले स्वाध्यायी-अध्यापकों के मानदेय और छात्रों की छात्रवृत्ति से सम्बन्धित प्रवर्तमान परियोजनाओं पर व्यय तथा निर्माणाधीन परिसर के लिये मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने वर्ष 2010-11 में 12,00,00,000/- अनुदान प्रदान किया।

9.1.5 प्रतिष्ठान द्वारा वैदिक पाठशालाओं/विद्यालयों, उनके अध्यापकों व छात्रों से सम्बन्धित पूर्ण विवरण के साथ आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये। पाठशालाओं द्वारा भेजी गयी सूचनाओं की जाँच की गयी। विभिन्न शर्तों और अपेक्षाओं आदि के सम्बन्ध में सन्तुष्ट होने के पश्चात् विभिन्न पाठशालाओं को अनुदान दिया गया।

9.1.6 वर्ष 2010-11 के दौरान, 51 वेद पाठशालाओं/विद्यालयों के 342 अध्यापकों को मानदेय के रूप में 229.95 लाख रुपये तथा 2,302 छात्रों के लिए 270.10 लाख रुपये वृत्ति राशि के रूप में दिये गये। आकस्मिक व्यय के लिये 62.72 लाख रुपये प्रदान किये गये। आलोच्य वर्ष के दौरान 51 पाठशालाओं/विद्यालयों को कुल 562.77 लाख रुपये का भुगतान किया गया।

9.1.7 वर्ष 2010-11 के दौरान, पूर्वोत्तर राज्यों में 2 वेद पाठशालाओं/विद्यालयों के 4 अध्यापकों को मानदेय के रूप में 2,47,467/- रुपये तथा 33 छात्रों के लिए 3,48,000/- रुपये वृत्ति राशि के रूप में दिये गये। आकस्मिक व्यय के लिये 82,800/- रुपये प्रदान किये गये। इस प्रकार आलोच्य वर्ष के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों में 2 पाठशालाओं/विद्यालयों को कुल 6,78,267/- रुपये का भुगतान किया गया। वेद के प्रचार-प्रसार हेतु पूर्वोत्तर राज्यों में वेद सम्मेलन एवं वेद संगोष्ठीयों का आयोजन किया गया जिस पर कुल रु. 6,23,296/- व्यय किया गया। इस प्रकार पूर्वोत्तर राज्यों में कुल व्यय रु. 13,01,563/- व्यय हुआ।

9.1.8 वर्ष 2010-11 के दौरान जिन वेद पाठशालाओं/विद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान की गयी, सहायता की धनराशि तथा जिस प्रयोजनार्थ सहायता राशि प्रदान की गयी, उसका विवरण अनुबंध - 4 (अ) एवं 4 (ब) में दिया गया है।

9.2 वेद पाठशालाओं/विद्यालयों के छात्रों की परीक्षा

9.2.1 देश के विभिन्न क्षेत्रों में फैली वेदपाठशालाओं/विद्यालयों में चयनित केन्द्रों पर प्रतिष्ठान द्वारा संचालित विद्यालयों तथा वैदिक सस्वर उच्चारण की मौखिक परम्परा को अक्षुण्ण बनाये रखने की योजना के अन्तर्गत (गुरु-शिष्य परम्परा योजना में) अध्ययनरत छात्रों की परीक्षा भी सम्पन्न हुई। प्रथम से पंचम वर्ष तक के छात्रों की परीक्षा विभिन्न केन्द्रों पर प्रतिष्ठान द्वारा मनोनीत केन्द्र व्यवस्थापकों, प्रेक्षकों के पर्यवेक्षण में तथा प्रमुख रूप से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, ज.रा. राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय (जयपुर), कलकत्ता विश्वविद्यालय, श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ (दिल्ली), उत्कल विश्वविद्यालय (भुवनेश्वर), श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय (पुरी), पूना विश्वविद्यालय (पुणे),

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय (वाराणसी), जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय (नई दिल्ली), श्री सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय (वेरावल), विक्रम विश्वविद्यालय (उज्जैन) आदि प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थाओं के विद्वानों के नियन्त्रण में सम्पन्न हुई।

9.2.2 वर्ष 2010-11 में अन्तिम छठे वर्ष के संहितापाठी छात्रों की परीक्षा पांच केन्द्रों पर आयोजित की गई। पूर्वोत्तर राज्यों, उड़ीसा तथा पश्चिम बंगाल के वेद-छात्रों की परीक्षा दिनांक 14.12.2010 से 15.12.2011 तक श्री श्री सीतारामदास ओंकारनाथ संस्कृत शिक्षा संसद, कोलकाता में आयोजित की गई। उ.प्र., बिहार, झारखण्ड के राज्यों के वेद-छात्रों की परीक्षा श्री नरोत्तमानन्दगिरि वेद विद्यालय, झूंसी (इलाहाबाद) में दिनांक 20.12.2010 से 22.12.2010 तक आयोजित की गई। दक्षिण के राज्यों के वेद-छात्रों की परीक्षा दिनांक 27.12.2010 से 29.12.2010 तक राजा वेद काव्य पाठशाला, कुम्भकोणम, तमिलनाडु में आयोजित की गई। महाराष्ट्र तथा गुजरात राज्यों के वेद-छात्रों की परीक्षा दिनांक 5.1.2011 से 6.1.2011 तक श्री संत ज्ञानेश्वर वेदविद्या प्रतिष्ठान, औरंगाबाद में आयोजित की गई तथा शेष राज्यों के वेद-छात्रों की परीक्षा दिनांक 5.3.2011 से 6.3.2011 को उज्जैन में सम्पादित की गई। उक्त परीक्षाओं पर छात्रों के यात्रा भत्ता तथा परीक्षकों प्रेक्षकों के यात्रा भत्ता एवं मानदेय पर 2010-11 में 24.28 लाख रुपये व्यय हुआ।

9.2.3 दिनांक 8 मार्च, 2011 को श्री सूर्यनारायण संकुल सभागार, कालिदास अकादमी, उज्जैन के सभागार में प्रतिष्ठान द्वारा अष्टम समावर्तन दीक्षान्त समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के राज्यपाल महामहिम श्री रामेश्वर ठाकुर थे। इस वर्ष के उत्तीर्ण प्रायः 413 संहितापाठी वैदिक छात्रों को 'वेद-विभूषण' का प्रमाण-पत्र महामहोपाध्याय प्रो. सत्यव्रत शास्त्री (दिल्ली) के आचार्यत्व में प्रदान किया गया तथा प्रो. शास्त्री ने दीक्षान्त भाषण दिया। इस समारोह में प्रतिष्ठान के उपाध्यक्ष प्रो. एस. सुदर्शन शर्मा (कुलपति, श्री वेंकटेश्वर वैदिक विश्वविद्यालय, तिरुपति) तथा सचिव प्रो. रूप किशोर शास्त्री ने छात्रों को आशीर्वाद देने के साथ-साथ वेदों के प्रचार-प्रसार में प्रतिष्ठान के योगदान का विशेषतः उल्लेख किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रो. टी.आर. थापक (कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन), डॉ. मोहन गुप्त (कुलपति, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन) तथा अन्य अनेक सम्माननीय विद्वान् उपस्थित थे। इस भव्य दीक्षान्त समारोह में वैदिक विद्वानों तथा स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में वैदिक अध्यापकों को भी प्रतिष्ठान द्वारा सम्मानित किया गया। भव्य दीक्षान्त समारोह का डॉ. फाल्गुनी देसाई (सूरत, गुजरात) ने शानदार संचालन किया।

9.3 वैदिक सस्वर उच्चारण की मौखिक परम्परा को अक्षुण्ण बनाए रखने की योजना

9.3.1 यह योजना सरकार की पंचम पंचवर्षीय योजना अवधि से चल रही थी। प्रतिष्ठान को यह योजना दिनांक 1.4.1994 से कार्यान्वयन के लिये हस्तान्तरित की गयी। इसका उद्देश्य वैदिक उच्चारण की मौखिक परम्परा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिये विशेष प्रोत्साहन प्रदान करना है। इस योजना के अन्तर्गत एक स्वाध्यायी-अध्यापक को अपने घर पर या किसी भी उपयुक्त स्थान पर छात्रों को वेदाध्ययन कराना होता है। इस प्रयोजनार्थ चयनित स्वाध्यायी-अध्यापक को कम से कम एक वेद की एक शाखा में पूर्णरूपेण निपुण होना चाहिए। स्वाध्यायी-अध्यापक से यह अपेक्षा की जाती है कि इस प्रयोजनार्थ जिन छात्रों को वेदाध्ययन सिखाने का विशेष दायित्व सौंपा गया है, वह उन्हें विशेष प्रशिक्षण प्रदान करे ताकि वह जिस शाखा में अर्ह है, सस्वर पूरी संहिता के उच्चारण में उन्हें पारंगत बना सके। प्रत्येक छात्र की शिक्षण अवधि छः वर्ष है।

9.3.2 छात्रों के अभिभावकों के लिए यह आवश्यक है कि वे 10,000/- रुपये के मूल्य का एक इंडेमिनिटी बांड (क्षतिपूर्ति बंध-पत्र) दो प्रतिभूतियों सहित इस प्रयोजन के लिये निष्पादन करें कि वे अपने प्रतिपाल्य को छः वर्ष की न्यूनतम अवधि से पूर्व अध्ययन पाठ्यक्रम से नहीं हटाएँगे। स्वाध्यायी-अध्यापक को भी एक वचनबंध देना आवश्यक है कि वह योजना की निबंधन जन्य शर्तों का पालन करेगा। स्वाध्यायी-अध्यापक को मानदेय तथा छात्र को देय छात्रवृत्ति की दरें क्रमशः 5,000/- रुपये, 500/- रुपये प्रतिमाह है।

9.3.3 आलोच्य वर्ष के दौरान, वैदिक सस्वर योजना के अन्तर्गत 206 इकाईयों को अनुदान दिया गया, जिसमें कुल 204 अध्यापकों एवं 1764 वैदिक छात्रों ने इस योजना में भाग लिया तथा उन्हें 200.23 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

9.3.4 आलोच्य वर्ष के दौरान, पूर्वोत्तर राज्यों में वैदिक सस्वर योजना के अन्तर्गत 4 इकाईयों को अनुदान दिया गया, जिसमें कुल 4 अध्यापकों एवं 46 वैदिक छात्रों ने इस योजना में भाग लिया तथा उन्हें 4.25 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

9.4 सभी के लिए वैदिक कक्षाएँ

9.4.1 वैदिक अध्ययन तथा तत्सम्बन्धी जानकारी का प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रतिष्ठान के पास उन सभी के लिए जो इस विषय में रुचि रखते हैं, चाहे भले ही उनके पास कोई शैक्षिक अर्हता न हो, वैदिक कक्षाएँ चलाने की योजना है। इस योजना के अंतर्गत, वेद के सभी विशिष्ट विषयों पर 100 व्याख्यान दिए जाते हैं, जो प्रत्येक शनिवार तथा रविवार को दो-दो व्याख्यान के रूप में होते हैं। पाठ्यक्रम का स्वरूप जिसमें व्याख्यान मालाओं के विषय भी शामिल हैं, का निर्धारण प्रतिष्ठान द्वारा किया जाता है। इन कक्षाओं के आयोजन के लिए निम्नानुसार वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है -

1.	व्याख्याताओं को देय मानदेय (250/- रुपये प्रति व्याख्यान)	25,000/- रुपये
2.	समन्वयक को देय पारिश्रमिक (1200/- रुपये प्रत्येक 20 व्याख्यानों के लिए)	6,000/- रुपये
3.	लेखन सामग्री, डाक टिकट इत्यादि सहित विविध व्यय	9,000/- रुपये
	योग :	**40,000/- रुपये**

9.4.2 आलोच्य वर्ष में वैदिक कक्षाएँ नैसर्गिक शोध संस्थान, वाराणसी द्वारा आयोजित की गई।

9.5 संगोष्ठियाँ

9.5.0 वैदिक अध्ययन के क्षेत्र में अनुसंधान के प्रोत्साहन के लिए प्रतिष्ठान द्वारा प्राथमिकता के क्षेत्रों में संगोष्ठियाँ आयोजित की जाती हैं। ये संगोष्ठियाँ प्रतिष्ठान द्वारा पूर्ण अथवा आंशिक रूप से वित्तपोषित की जाती हैं। आलोच्य वर्ष में प्रतिष्ठान ने इस प्रकल्प हेतु विभिन्न संस्थाओं द्वारा निम्नलिखित संगोष्ठियाँ आयोजित करने के लिये वित्तीय सहायता प्रदान की :-

9.5.1 अजमेर (राजस्थान) में 'वेद एवं संस्कृत उपनिषद' तथा 'वेदमन्त्र पाठ प्रतियोगिता' विषयक अखिल भारतीय वेद संगोष्ठी

दिनांक 19 एवं 20 फरवरी 2011 को महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर (राजस्थान) के सहयोग से अजमेर में द्विदिवसीय अखिल भारतीय वेद संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

दिनांक 19 फरवरी, 2011 को संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ गुजरात प्रदेश की राज्यपाल महामहिम श्री. कमलाजी द्वारा किया गया। महामहिम ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि वेद विश्व की प्राचीनतम धरोहर है। विश्व की ऐसी कोई समस्या अथवा प्रवृत्ति नहीं है, जिसकी चर्चा और समाधान वेद में न हो। इस सत्र के अध्यक्ष प्रो. भागीरथसिंह (कुलपति, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर) थे। अमेरिका से आगत प्रो. भूदेव शर्मा मुख्य वक्ता थे। प्रो. स्वतन्त्रकुमार (कुलपति, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार) तथा डॉ. श्री गोपाल बाहेती (पूर्व विधायक) विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित थे। प्रो. रूप किशोर शास्त्री (सचिव, महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन) ने सभी अभ्यागतों का स्वागत किया तथा प्रतिष्ठान के उद्देश्यों को प्रस्तुत किया। प्रो. सुभाष वेदालंकार (संगोष्ठी आयोजक, सचिव एवं प्रभारी) ने आयोजन के उद्देश्यों की जानकारी दी। सत्र का संचालन आचार्य मोक्षराज ने किया।

इसी दिन द्वितीय सत्र में डॉ. अनिता जैन, डॉ. अल्पना शर्मा, डॉ. ममता चतुर्वेदी, आचार्य सुरेश शास्त्री (दिल्ली), डॉ. सत्यवती, डॉ. अर्चना दुबे (वनस्थली, राजस्थान), डॉ. नन्दिता सिंह, डॉ. वन्दना शर्मा, डॉ. मनीषा शर्मा (हरियाणा), डॉ. रमेशचन्द्र मुरारी, प्रो. वीरेन्द्रकुमार (चंडीगढ़), प्रो. श्रीकृष्ण शर्मा (हरियाणा), प्रो. अरुण शर्मा (हरियाणा), प्रो. केदारनाथ (जम्मू कश्मीर), प्रो. राजेन्द्र मिश्र (शिमला), प्रो. धर्मवीर (अजमेर) आदि विद्वानों ने शोधपत्रों का वाचन किया।

दिनांक 20 फरवरी 2011 को प्रातःकालीन सत्र में देश के विभिन्न प्रांतों से आये विद्वानों ने शोध पत्रों का वाचन किया। इसके बाद प्रो. रूप किशोर शास्त्री (सचिव, महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन) के मुख्य आतिथ्य में वेदमन्त्र पाठ प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रो. गिरीश खोमला (अमेरिका) अध्यक्ष थे। सारस्वत अतिथि आचार्य सत्यजीत थे। आचार्य महेश नन्दे (पुष्कर) सम्मानित अतिथि थे। प्रो. केदारनाथ (जम्मू कश्मीर) विशिष्ट अतिथि थे।

इसी दिन समापन सत्र के मुख्य अतिथि श्री महेन्द्रलाल कुमावत (अध्यक्ष, राजस्थान लोकसेवा आयोग) थे। मुख्य वक्ता प्रो. राजेन्द्र मिश्र थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. भागीरथसिंह (कुलपति, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर) थे। प्रो. सुभाष तनेजा (आयोजन सचिव एवं प्रभारी) ने सभी अभ्यागतों को धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्पूर्ति सत्र का संचालन आचार्य मोक्षराज ने किया।

इस प्रकार द्विदिवसीय राष्ट्रीय वैदिक संगोष्ठी सम्पन्न हुई।

9.5.2 वाराणसी (उ.प्र.) में 'उपवेद गान्धर्ववेद और संगीतशास्त्र' विषयक अखिल भारतीय वेद संगोष्ठी

दिनांक 28 फरवरी से 2 मार्च 2011 को श्री पट्टाभिरामशास्त्री वेद मीमांसा अनुसन्धान केन्द्र, वाराणसी तथा ज्ञानप्रवाह, वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में ज्ञानप्रवाह के सभागार में त्रि-दिवसीय अखिल भारतीय वेद संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

दिनांक 28 फरवरी, 2011 को उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्रो. कमलेशदत्त त्रिपाठी (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के मानोन्नत आचार्य, वाराणसी) ने की। प्रो. युगलकिशोर मिश्र (पूर्व कुलपति, जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर) सारस्वत अतिथि थे। मुख्य अतिथि राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय (ग्वालियर) के कुलपति प्रो. चित्तरंजन ज्योतिषी थे। विशिष्ट अतिथि प्रो. ऋत्विक सान्याल (संकाय प्रमुख, मञ्च कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी) थे।

श्री पट्टाभिराम शास्त्री वेद मीमांसा अनुसन्धान केन्द्र तथा आचार्य गोपालचन्द्र मिश्र वैदिक उन्नयन संस्थान, वाराणसी के वेद-विद्यार्थियों ने वेदों की विभिन्न शाखाओं एवं पद्धतियों के अनुसार वैदिक मंगलाचरण प्रस्तुत किया। श्री पट्टाभिराम शास्त्री वेद मीमांसा अनुसन्धान केन्द्र के अध्यक्ष एवं 'ज्ञान-प्रवाह' के न्यासी प्रो. युगलकिशोर मिश्र ने समागत विद्वानों को अंगवस्त्र प्रदान कर अभिनन्दन किया तथा ज्ञान-प्रवाह की निदेशिका प्रो. कमल गिरि ने स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. ऋत्विक सान्याल, प्रो. चित्तरंजन ज्योतिषी, प्रो. युगलकिशोर मिश्र आदि विद्वानों ने संगीत की भिन्न-भिन्न विधाओं पर चर्चा प्रस्तुत की। उद्घाटन सत्र का सञ्चालन डॉ. गोपालप्रसाद शर्मा (प्राध्यापक, श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली) ने तथा धन्यवाद-प्रकाश प्रो. युगलकिशोर मिश्र ने किया।

उद्घाटन सत्र के पश्चात तीन दिवसों में चार शैक्षणिक सत्र आयोजित हुए। प्रथम सत्र की अध्यक्षा प्रो. भीमसिंह (प्रोफेसर, संस्कृत विभाग एवं अध्यक्ष, कला संकाय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा) ने की। मुख्य अतिथि प्रो. रमेशचन्द्र दाश शर्मा (वेद विभागाध्यक्ष, श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली) थे। सत्र का संयोजन प्रो. आनन्दकुमार श्रीवास्तव (आचार्य, संस्कृत विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) ने किया।

द्वितीय सत्र की अध्यक्षता प्रो. देवेन्द्रनाथ पाण्डेय (वेद विभागाध्यक्ष एवं वेद वेदाङ्ग संकायाध्यक्ष, श्री सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, वेरावल, गुजरात) ने की। डॉ. रवीन्द्रनाथ भट्टाचार्य (संस्कृत विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय) मुख्य अतिथि थे। सत्र का संचालन डॉ. शरदिन्दुकुमार तिवारी (प्राध्यापक, संस्कृत विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) ने किया।

तृतीय सत्र की अध्यक्षता प्रो. रूप किशोर शास्त्री (सचिव, महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन) तथा सारस्वत अतिथि डॉ. नीलकण्ठ पुरुषोत्तम जोशी (मानद आचार्य, ज्ञान-प्रवाह सांस्कृतिक अध्ययन एवं अनुसन्धान केन्द्र) रहे। संयोजन का दायित्व निर्वहन डॉ. सुकुमार चट्टोपाध्याय (प्राध्यापक, संस्कृत विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) ने किया।

चतुर्थ सत्र की अध्यक्षता आचार्य प्रो. आद्याप्रसाद मिश्र (पूर्व कुलपति, वैदिक विश्वविद्यालय, जयपुर) ने की तथा मुख्य अतिथित्व डॉ. देवेन्द्रनाथ पाण्डेय (वेरावल, गुजरात) ने अलंकृत किया। सत्र का संयोजन डॉ. शैलेन्द्रनाथ दीक्षित (आचार्य, गोपालचन्द्र मिश्र वैदिक उन्नयन संस्थान, वाराणसी) ने किया।

इन चार सत्रों में 'उपवेद गान्धर्ववेद और संगीतशास्त्र' विषय पर डॉ. अर्चना त्रिपाठी, डॉ. मंजू कुमारी, डॉ. त्रिपुर सुन्दरी, डॉ. पुष्पा त्रिपाठी, डॉ. धर्मदत्त चतुर्वेदी, डॉ. भगवतशरण शुक्ल, डॉ. नित्यावती देवी, डॉ. शरदिन्दुकुमार तिवार, डॉ. चन्द्रकान्ता राय, डॉ. पवनकुमार पाण्डेय, श्री नीरज तिवारी, डॉ. विजयकुमार शर्मा, श्री रविकान्त कमूदन, श्री रूपम पाठक, श्री विनोदकुमार शर्मा, कु. ममता मेहरा, श्री वागीश शुक्ल, डॉ. उमेशकुमार सिंह, प्रो. मनुलता शर्मा, कु. रूपाली पाण्डेय, डॉ. सुकुमार चट्टोपाध्याय, डॉ. बिन्दू, डॉ. कुसुम कालेकर, डॉ. गंगाधर मिश्र, डॉ. शैलेन्द्रनाथ दीक्षित, प्रो. श्रीकिशोर मिश्र (सभी वाराणसी), डॉ. चन्द्रकान्त द्विवेदी (उज्जैन), डॉ. भास्करनाथ भट्टाचार्य (कोलकाता), प्रो. मीरा शर्मा (आगरा), डॉ. किरनदेवी (मिर्जापुर), डॉ. अमरावती शर्मा (छपरा), श्री विजय भारद्वाज (जयपुर) ने अपने शोधपत्र पढ़े तथा संगोष्ठी में सहभागिता की।

त्रिदिवसीय अखिल भारतीय संगोष्ठी के अन्तिम दिवस पञ्चम सत्र में 'ज्ञानप्रवाह' परिसर स्थित यज्ञशाला में श्रौतेष्टि प्रयोग का अनुष्ठान सम्पन्न हुआ जिसका संयोजन प्रो. युगलकिशोर मिश्र (पूर्व कुलपति, राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय) ने किया। इस सत्र के विशिष्ट अतिथि प्रो. हरिहर त्रिवेदी

(श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली) थे। मुख्य अतिथि डॉ. केदारनाथ शुक्ल (उज्जैन) थे। इस अवसर पर अभ्यागत विद्वानों के स्वागत के बाद संगोष्ठी का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान के पूर्व सचिव एवं संस्कृत विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर श्रीकिशोर मिश्र ने कहा कि गन्धर्व सूर्य की रश्मियों का नाम है, जो समभाव से सबको प्रकाशित करती हैं।

इस प्रकार त्रिदिवसीय अखिल भारतीय संगोष्ठी सम्पन्न हुई।

9.6 वैदिक सम्मेलन

9.6.0 प्रतिष्ठान के कार्यक्रमों में वैदिक सम्मेलनों का महत्त्वपूर्ण स्थान है और ये सम्पूर्ण देश में वैदिक अध्ययन और ज्ञान के प्रचार के प्रमुख साधन हैं। प्रतिवर्ष एक अखिल भारतीय और अन्य क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन आयोजित किये जाते हैं। उद्घाटन और समापन समारोह के साथ ये सम्मेलन त्रिदिवसीय आयोजित होते हैं। ये सम्मेलन आयोजक के रूप में उत्कृष्ट वैदिक संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, विद्यापीठों आदि के सहयोग से सम्पन्न किये जाते हैं। उन स्थानों पर, जहाँ ऐसी संस्थाएँ उपलब्ध नहीं हैं, सम्मेलन आयोजित करने के लिये प्रसिद्ध विद्वानों एवं गणमान्य व्यक्तियों की आयोजन-समितियाँ गठित की जाती हैं।

आलोच्य वर्ष 2010-11 के दौरान, प्रतिष्ठान द्वारा पांच क्षेत्रीय और एक अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन आयोजित किये गये, जिसका विवरण निम्नवत् है :-

9.6.1 गोलाघाट (असम) में क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन

दिनांक 27 से 29 मई, 2010 को भरद्वाज शान्ति आश्रम न-गोसई सत्र, बंगालगांव, देरगांव, गोलाघाट (असम) के सहयोग से त्रिदिवसीय क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन आयोजित किया गया।

दिनांक 27 मई, 2010 को उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश श्री शैलेन्द्रकुमार फुकन ने वैदिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। प्रो. भवकृष्ण मिश्र अध्यक्ष थे। इस अवसर पर संस्था द्वारा प्रकाशित 'हिरण्यगर्भ' स्मृति ग्रन्थ का विमोचन किया गया। डॉ. जयप्रकाश नारायण द्विवेदी (निदेशक, द्वारकाधीश

संस्कृत अकादमी एवं शोध संस्थान, द्वारका, गुजरात) विशिष्ट विद्वान की अध्यक्षता में डॉ. जीवन पाठक (गोलाघाट, असम), डॉ. दिलीप गोस्वामी (प्रधानाचार्य, जोरहाट जगन्नाथ बरुवा महाविद्यालय), डॉ. रातुल बरुवा आदि विद्वानों ने वेद पर व्याख्यान प्रस्तुत किये।

इसी दिन सायंकालीन सत्र में भरद्वाज शान्ति आश्रम के कलाकारों द्वारा एक अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

दिनांक 28 मई, 2010 को वैदिक मंगलाचरण के साथ सत्र का प्रारम्भ किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता प्रो. लक्ष्मीश्वर झा (प्रोफेसर, श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली) ने की। इस अवसर पर श्री प्रफुल्ल बड़ा (असमिया विभाग के प्रधान, सेवानिवृत्त अध्यापक तथा साहित्यिक निबन्धकार), श्री बुद्धीन्द्रनाथ बरठाकुर (सेवानिवृत्त अध्यापक, योरहार बालिगांव संस्कृत पाठशाला) आदि विद्वान उपस्थित थे।

इसी दिन के मध्यान्ह सत्र का शुभारम्भ माननीय श्री तरुण गोगई (मुख्यमंत्री, असम शासन) द्वारा किया गया। असम के मुख्यमंत्री श्री गोगई ने इस अवसर पर देश की एकता तथा विश्वशांति के लिए वैदिक ज्ञान के महत्त्व को रेखांकित करते हुए इस क्षेत्र में महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान द्वारा संचालित योजनाओं के महत्त्व का उल्लेख किया। भरद्वाज शान्ति आश्रम के अध्यक्ष श्री अपूर्व बरुआ अध्यक्ष, डॉ. जयप्रकाश नारायण द्विवेदी (गुजरात), प्रो. लक्ष्मीश्वर झा (नई दिल्ली) विशिष्ट विद्वान तथा वैदिक विद्वान डॉ. उपेन्द्र त्रिपाठी (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी) आदि अन्य वैदिक विद्वान उपस्थित थे।

इसी दिन सायंकालीन सत्र में असम प्रांत के मुख्य धर्माचार्य डॉ. पीताम्बर देव गोस्वामी जी ने श्रीमद् भागवत पुराण तथा वेद विषय पर उद्‌बोधन प्रस्तुत किया।

दिनांक 29 मई, 2010 को मेघालय के राज्यपाल महामहिम श्री रंजीतकुमार मुशहरी तथा असम प्रांत के राज्यपालन महामहिम श्री जानकीवल्लभ पटनायक ने सम्मेलन हेतु भेजे हुए सन्देश का वाचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षा डॉ. जुपेन्द्र त्रिपाठी (प्रोफेसर, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी) ने की। डॉ. नगेन ठाकुर (सेवानिवृत्त प्राध्यापक, गुवाहाटी विश्वविद्यालय), डॉ. जयप्रकाश नारायण द्विवेदी (गुजरात), प्रो. लक्ष्मीश्वर झा (नई दिल्ली), सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. गोकुलेन्दु नारायणदेव

गोस्वामी आदि विद्वान उपस्थित थे। सम्मेलन के संयोजक/सचिव श्री सुमीतिवल्लभ गोस्वामी ने सभी वैदिकों एवं सम्मेलन में उपस्थित विद्वानों का आभार प्रस्तुत किया।

इस प्रकार त्रिदिवसीय क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

9.6.2 कोलकता (पश्चिम बंगाल) में क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन

दिनांक 17 से 19 दिसम्बर, 2010 तक श्री श्री सीतारामदास ओंकारनाथ संस्कृत शिक्षा संसद, कोलकाता के सहयोग से त्रिदिवसीय वैदिक क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

दिनांक 17 दिसम्बर, 2010 को प्रो. हरेकृष्ण शतपथी (कुलपति, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति) ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर प्रो. करुणासिन्धु दास (कुलपति, रवीन्द्रभारती विश्वविद्यालय, कोलकाता), प्रो. नीलकंठपति (कुलपति, श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, पुरी), प्रो. सीतानाथ डे (उपकुलपति, असम विश्वविद्यालय, असम) आदि विद्वान् उपस्थित थे। डॉ. गोपाल मित्रा (उपाध्यक्ष, श्री श्री सीतारामदास ओंकारनाथ संस्कृत शिक्षा संसद्) ने सम्मेलन में आगत समस्त विद्वानों एवं वेदपाठियों का स्वागत किया। डॉ. बुद्धेश्वर षडंगी (प्रवक्ता, श्री श्री सीतारामदास वैदिक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय) ने उद्घाटन सत्र का संचालन किया।

इसी दिन द्वितीय शैक्षणिक सत्र की अध्यक्षता प्रो. समीरनचन्द्र चक्रवर्ती ने किया। इस सत्र में प्रो. सीतानाथ डे (त्रिपुरी), डॉ. प्रद्योतकुमार, डॉ. तारकनाथ अधिकारी, डॉ. इन्द्राणीकर आदि वैदिक विद्वानों ने वेद में भिन्न-भिन्न विषयों पर प्रकाश डाला। डॉ. शशिभूषण मिश्रा (प्रवक्ता, श्री सीतारामदास वैदिक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय) ने सत्र का संचालन किया।

इसी दिन शैक्षणिक सत्र के बाद विभिन्न प्रांतों से आगत वेदपाठियों ने वेद की भिन्न-भिन्न शाखाओं में सस्वर पाठ सम्पन्न किया। डॉ. रूमा बन्द्योपाध्याय ने सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रस्तुत की।

दिनांक 18 दिसम्बर, 2010 को प्रातःकालीन सत्र वैदिक मंगलाचरण के साथ डॉ. सुधाकर मिश्र के संयोजन में प्रारम्भ किया गया। इस सत्र को शैक्षणिक सत्र मानते हुए विशिष्ट विद्वान प्रो. भवानीप्रसाद भट्टाचार्य (पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष, जादवपुर विश्वविद्यालय) की अध्यक्षता में डॉ. अभिजीत घोष,

डॉ. उदयचन्द्र बन्द्योपाध्याय, डॉ. भास्करनाथ भट्टाचार्य आदि विद्वानों ने वेद के भिन्न-भिन्न विषयों पर चर्चा की। इस सत्र का संचालन डॉ. शशिभूषण मिश्रा (प्रवक्ता, श्री सीताराम वैदिक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, कोलकाता) ने किया।

इसी दिन द्वितीय सत्र में प्रो. नबनारायण बन्द्योपाध्याय की अध्यक्षता में हुआ। इस सत्र में डॉ. दीपक भट्टाचार्य, डॉ. अमिय भट्टाचार्य, डॉ. भउदास गुप्ता, डॉ. दिलीप पण्डा आदि विद्वानों ने वेदों के भिन्न-भिन्न विषयों पर परिचर्चा प्रस्तुत की। इस सत्र का संयोजन डॉ. स्वदेवरंजन घोसाल (प्रवक्ता, श्री सीताराम वैदिक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, कोलकाता) ने किया।

इसी दिन सायंकाल में श्रीमती इन्दिरा गांगुली ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का संयोजन डॉ. कौशिक मालाकार (प्रवक्ता, श्री सीताराम वैदिक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, कोलकाता) ने किया।

दिनांक 19 दिसम्बर, 2010 को प्रातःकालीन सत्र में विभिन्न प्रांतों से आए वेदपाठियों ने वेद की भिन्न-भिन्न शाखाओं में मंगलाचरण प्रस्तुत किया। इस सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. विनयकृष्ण मुखोपाध्याय (पूर्व प्रधानाचार्य, श्री रामकृष्ण शारदा शिक्षा मन्दिर) थे। इस सत्र का संचालन डॉ. कौशिक मालाकार (प्रवक्ता, श्री सीताराम वैदिक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, कोलकाता) ने किया।

इसी दिन समापन सत्र की अध्यक्षता प्रो. दिलीपकुमार कांजीलाल (अध्यक्ष, श्री सीताराम वैदिक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, कोलकाता) ने की। इस सत्र में श्री अचिन्त्य मुखोपाध्याय, प्रो. अशोकनाथ बोस (पूर्व कुलपति, जादवपुर विश्वविद्यालय), प्रो. गोपाल मित्रा, डॉ. निर्मल्यनारायण चक्रवर्ती, डॉ. सीतानाथ डे (त्रिपुरा), डॉ. सोमेशकुमार मिश्रा (प्रधानाचार्य, श्री सीताराम वैदिक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, कोलकाता) आदि विद्वानों ने भाग लिया।

सम्मेलन के संयोजक डॉ. सुरेशकुमार बनर्जी (रजिस्ट्रार, श्री श्री सीतारामदास ओंकारनाथ संस्कृत शिक्षा संसद्, कोलकाता) ने सभी आगत विद्वानों एवं वैदिकों का आभार प्रकट किया।

इस प्रकार त्रिदिवसीय क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

9.6.3 बलसाड (गुजरात) में क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन

दिनांक 19 से 21 दिसम्बर, 2010 तक तीन दिनों में श्री विद्यामृत वर्षिणी पाठशाला के सहयोग से बलसाड़ (गुजरात) में क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन आयोजन किया गया।

दिनांक 19 दिसम्बर, 2010 को प्रथम दिन वेदमूर्ति मन्दारकेशव सप्रे (पूना) ने ऋग्वेद पर मंगलाचरण प्रस्तुत किया। डॉ. अजीत ठाकुर (अहमदाबाद), डॉ. राजेन्द्र चौरलिया, डॉ. गौरी माहुलकर तथा डॉ. योगिनी व्यास ने वेद के भिन्न-भिन्न विषयों पर चर्चा की।

इसी दिन के द्वितीय सत्र में डॉ. मुकुन्द वाडेकर, डॉ. माधवी नरसलिया, डॉ. जे.के. भट्ट तथा डॉ. मणिभाई प्रजापति ने वेद के भिन्न-भिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

दिनांक 20 दिसम्बर, 2010 को प्रथम सत्र में श्री कृपेशभाई वैशम्पायन ने कृष्ण यजुर्वेद पर मंगलाचरण प्रस्तुत किया। डॉ. रवीन्द्र खांडवाला, डॉ. मेधराम भट्ट तथा डॉ. प्रज्ञा जोशी ने वेद में अपने-अपने मौलिक विचार प्रस्तुत किये।

इसी दिन के अपराह्ण सत्र की अध्यक्षता प्रो. उमेशप्रसाद दास (महाराजा संस्कृत कॉलेज, गांधीनगर, जयपुर) द्वारा की गयी। इस दिन के दोनों सत्रों में ऋग्वेद, शुक्ल यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद की विभिन्न शाखाओं का पाठ गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान आदि प्रदेशों से समागत वैदिकों ने प्रस्तुत किया।

दिनांक 21 दिसम्बर, 2010 को प्रथम सत्र वेदगान से प्रारम्भ हुआ। डॉ. श्वेता, डॉ. मयूरी, डॉ. नीना तथा डॉ. भाग्यलता पाटस्कर (निदेशक, वैदिक संशोधन मण्डल, पुणे) ने वैदिक विषयों पर विशद चर्चा प्रस्तुत की।

सम्मेलन के सम्पूर्ति सत्र की अध्यक्षता परम पूज्य श्री विद्यानन्दजी महाराज द्वारा की गयी। प्रतिष्ठान की ओर से डॉ. अनूपकुमार मिश्र तथा श्री अभय पाण्डेय ने प्रतिष्ठान परिचय के साथ वैदिक विषयों पर आधुनिक चर्चा प्रस्तुत की। सम्मेलन के संयोजक डॉ. नरेश भट्ट ने समागत विद्वानों, वैदिकों तथा सभी अन्य नागरिकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसी प्रकार त्रिदिवसीय क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

9.6.4 औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन

दिनांक 7 से 9 जनवरी, 2011 तक श्री सन्त ज्ञानेश्वर वेदविद्या प्रतिष्ठान, औरंगाबाद के तत्वावधान में त्रिदिवसीय अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन आयोजित किया गया।

दिनांक 7 जनवरी, 2011 को उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ जगद्गुरु शंकराचार्य विद्यानृसिंह भारती (करवीर पीठ, कोल्हापुर) की अध्यक्षता में किया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता थे डॉ. त्रि.ना. धर्माधिकारी, चन्द्रकान्त खैरे (सांसद, औरंगाबाद), डॉ. केदारनाथ शुक्ल (कोषाध्यक्ष, महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन), सौ. अनिता घोडेले (नगर प्रमुख, औरंगाबाद) तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इसी दिन मध्यान्ह सत्र में पूज्य आनन्दगिरिजी महाराज की अध्यक्षता में वेदपाठ तथा सत्र परिचर्चा का आयोजन किया गया। डॉ. रवीन्द्र मुले, डॉ. अशोक देव आदि विद्वानों ने अपने विचार प्रकट किये।

दिनांक 8 जनवरी, 2011 को परम पूज्य राव साहब महाराज की अध्यक्षता में सामान्य जनों में वेदविषयक विचार पहुंचाने हेतु देशभर से आये वैदिक विद्वानों तथा स्थानीय गणमान्य नागरिकों सहित औरंगाबाद से पैठज तक वैदिक मन्त्रोच्चारण, वैदिक ध्वज तथा मंगलमय ध्वनि के साथ शोभायात्रा निकाली गयी। इस सभा में प्रो. राजेन्द्र विद्यालंकार (कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा), विशिष्ट विद्वान् मोरेश्वर विनायक पैसास (पुणे), वेदाचार्या नंदिता शास्त्री, प्रो. निर्मला कुलकर्णी, डॉ. सविता जोशी आदि वैदिक विदुषियों तथा विद्वानों ने वेद पर परिचर्या की। सभा का संचालन सुश्री कल्पना जागडिया ने किया।

दिनांक 9 जनवरी, 2011 को प्रातःकाल का सत्र वेद के भिन्न-भिन्न शाखाओं के मंगलाचरण से प्रारम्भ हुआ। पं. महादेव शास्त्री की अध्यक्षता में पर्जन्य इष्टि सम्पन्न की गयी।

सम्मेलन के सम्पूर्ति सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. रूप किशोर शास्त्री (सचिव, महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन) रहे। सदस्य-सचिव ने समागत वैदिकों तथा अन्य नागरिकों के समक्ष वेद संरक्षण में आने वाली चुनौतियों एवं समाधान की दिशा की विवेचना की तथा प्रतिष्ठान के

उद्देश्यों को प्रस्तुत किया। सम्मेलन के संयोजक वेदमूर्ति दुर्गादास अम्बादास मुले ने समागत विशिष्ट विद्वानों, वैदिकों तथा सभी अन्य नागरिकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस प्रकार त्रिदिवसीय अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

9.6.5 उज्जैन (म.प्र.) में क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन

दिनांक 16 से 18 जनवरी, 2011 तक श्री गणेश वैदिकाश्रम के सहयोग से त्रिदिवसीय क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

दिनांक 16 जनवरी, 2011 को उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ डॉ. मोहन गुप्त (कुलपति, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन) की अध्यक्षता में वेदों की भिन्न-भिन्न शाखाओं में मंगलाचरण के साथ प्रारम्भ किया गया। इस अवसर पर प्रो. रूप किशोर शास्त्री (सचिव, महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान), इटली से आगत संस्कृत विद्वान् डॉ. जेम्स तथा अन्य विद्वानों ने वेद पर व्याख्यान दिये। डॉ. दिवाकर नातू (अध्यक्ष, गणेश वैदिकाश्रम, उज्जैन) ने समस्त अतिथियों का पुष्पहार एवं शाल, श्रीफल से स्वागत किया।

इसी दिन के द्वितीय सत्र की अध्यक्षता वेदमूर्ति श्रीकृष्ण बनवडीकर ने की। समागत विद्वानों में श्री वेदमूर्ति मोरेश्वर विनायक घैसासजी, श्री धूपकरजी, श्री गजानन गोडशेजी, श्री हरिहर दीक्षित आदि वैदिकों ने वेद के पाठ प्रस्तुत किये तथा डॉ. श्रीमती भाग्यलता पाटस्कर (निदेशक, वैदिक संशोधन मण्डल, पुणे) ने वेद पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

दिनांक 17 जनवरी, 2011 को वैदिक मंगलाचरण के साथ सत्र का प्रारम्भ किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता श्री गणेश भालचन्द्र बागदरे (म.प्र. मराठी अकादमी, भोपाल) ने की। इस सत्र में आचार्य श्री गजानन गोडसे (वाराणसी), श्री लक्ष्मीकांत पाठक आदि विद्वानों ने व्याख्यान भी दिये।

इसी दिन के द्वितीय सत्र की अध्यक्षता आचार्य श्री कृष्ण शास्त्री कानिटकर (इन्दौर) ने की। डॉ. श्यामसुन्दर निगम (निदेशक, कावेरी शोध संस्थान, उज्जैन) ने वैदिक सभ्यता पर सारगर्भित चर्चा प्रस्तुत की।

दिनांक 19 जनवरी, 2011 को वैदिक मंगलाचरण के साथ सत्र का प्रारम्भ किया गया। इस सत्र के अध्यक्ष प्रो. युगलकिशोर मिश्र (पूर्व कुलपति, रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर) थे। प्रो. कमलेशदत्त त्रिपाठी (वाराणसी) सारस्वत अतिथि थे। श्री आनन्दीलाल जोशी (प्रशासक, महाकालेश्वर मन्दिर), पं. आनन्दशंकर व्यास तथा प्रो. रूप किशोर शास्त्री (सचिव, महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन) उपस्थित थे। श्री विनायक दुराफे (उपाध्यक्ष, श्री गणेश वैदिकाश्रम, उज्जैन) ने उपस्थित विद्वानों, वैदिकों एवं अन्य नागरिकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस प्रकार त्रिदिवसीय क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

9.6.6 राजपलायम (तमिलनाडु) में क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन

दिनांक 27 फरवरी से 1 मार्च, 2011 तक पी.ए.सी.आर. सेतुरमम्मल चैरिटीज, राजपलायम के संयुक्त तत्वावधान में त्रिदिवसीय क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन आयोजित किया गया।

दिनांक 27 फरवरी, 2011 को श्री श्री अभिनव विद्यातीर्थ भारती वेद पाठशाला, राजपलायम से श्रीमती आर. सुदर्शनम् (ट्रस्टी, पाठशाला) ने दीप प्रज्जवलित कर शोभायात्रा निकाली गयी। श्री पी.आर. सुब्रमन्य राजा (अध्यक्ष, रामको ग्रुप) ने सम्मेलन में समागत वेदपाठियों, विद्वानों तथा नागरिकों का स्वागत किया। डॉ. वी.आर. गौरीशंकर (धर्माधिकारी, श्री शृंगेरी मठ) ने वेदों के विकास एवं वैदिक संस्कृति पर प्रकाश डाला। प्रो. रूप किशोर शास्त्री (सचिव, महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन) ने समागत विद्वानों, वेदपाठियों तथा नागरिकों का स्वागत करते हुए प्रतिष्ठान के अन्तर्गत चल रही वैदिक योजनाओं एवं सरकारी कार्यक्रमों से अवगत कराया।

इसी दिन सायंकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम रागांजली की प्रस्तुति श्रीमती प्रेमलता दिवाकर बंगलौर इन द आडिटोरियम ऑफ आनन्द गार्डन ने की।

दिनांक 28 फरवरी, 2011 को डॉ. आर. कृष्णमूर्ति शास्त्रीगल, श्री वामसीकृष्ण धनपाठीगल (अवधूत दत्त पीठम्, मैसूर) तथा अन्य वैदिक विद्वानों ने वेद के भिन्न-भिन्न विषयों पर चर्चा की।

इसी दिन सायंकाल सभी वैदिक विद्वान् बस द्वारा श्री शंकर नैनर तिरुक्कोविल मन्दिर दर्शन के लिये गये।

दिनांक 1 मार्च, 2011 को पूज्य स्वामी ओंकारानन्दजी की अध्यक्षता में समागत वैदिक विद्वानों तथा वेदपाठियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। श्री पी.आर. वेंकटमा राजा (उपाध्यक्ष, पी.ए.सी.आर. सेतुरम्मल चैरिटीज, राजपलायम) ने सभी वैदिकों एवं सम्मेलन में उपस्थित विद्वानों का आभार प्रकट किया।

इस प्रकार त्रिदिवसीय अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

9.7 अध्येतावृत्ति

9.7.1 वैदिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अध्येतावृत्ति का प्रावधान है। इस प्रयोजन के लिए प्रतिष्ठान में एक व्यापक अध्येतावृत्ति योजना चलाई जा रही है। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य विद्वानों को, विशेष रूप से युवा शोध छात्रों को, अवसर प्रदान करके वेदों तथा वैदिक साहित्य के विभिन्न पक्षों पर अनुसन्धान को बढ़ावा देना है ताकि वे अनुसंधान-परियोजनाओं में पूर्णकालिक आधार पर अपने चयनित शोध विषयों पर गंभीर गवेषणा-कार्य कर सकें। इस योजना के अंतर्गत निम्नलिखित अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं -

1. राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति,
2. वरिष्ठ अध्येतावृत्ति,
3. सामान्य अध्येतावृत्ति,
4. कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति।

9.7.2 पात्रता/अर्हताएं, अध्येतावृत्ति की निबंधन और शर्तें, विशिष्ट समय पर उपलब्ध अध्येतावृत्तियों की विभिन्न श्रेणियों की संख्या आदि का निर्धारण योजना में किया गया है। किसी विशेष वित्तीय वर्ष के दौरान परियोजना की व्यावहारिकता तथा बजट प्रावधान की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं।

9.8 प्रकाशन

9.8.1 अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रतिष्ठान का एक महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम प्रकाशन है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वैदिक साहित्य से संबंधित अप्राप्य एवं दुर्लभ ग्रंथों का प्रकाशन एवं पुनर्मुद्रण किया जाता है। समीक्षात्मक संस्करणों, कतिपय ग्रन्थों का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद, महत्त्वपूर्ण विषयों पर निबन्ध तथा प्रतिष्ठान के अध्येता विद्वानों द्वारा किये गये शोधकार्यों के प्रतिवेदनों का मुद्रण भी किया जाता है। इसके अतिरिक्त, संगोष्ठियों व कार्यशालाओं में प्रस्तुत किये गये शोधपत्रों और उनकी कार्यवाही को भी प्रकाशनार्थ लिया जाता है।

9.8.2 आलोच्य वर्ष के दौरान कात्यायन मूल्याध्याय परिशिष्ट एवं ऋग्वेदीय शाङ्खायनशाखीयो रुद्रपाठ संग्रह का प्रकाशन किया गया।

9.9 शोध-पत्रिका का प्रकाशन

